न्यायालय सहायक कलक्टर एवं उपखण्ड अधिकारी, भूपालसागर जिला चित्तौडगढ
पीठासीन अधिकारी श्रीमती अभिलाषा (आर0ए0एस0)

प्रकरण संख्या : 35 / 2025
दायर दिनांक : 03 / 06 / 2025
निर्णय दिनांक : 11 / 08 / 2025

उनवान

1. नारायण पुत्र चेना भांबी निवासी बूल तहसील भूपालसागर
2. गीता पुत्री चेना भांबी निवासी बूल तहसील भूपालसागर
3. भगवानी पत्नी स्व. चेना भांबी निवासी बूल तहसील भूपालसागर

प्रार्थीगण

बनाम

1. किशन पिता भैरू बंजारा निवासी निचली बालद तहसील भूपालसागर
2. रामा पिता पीरू बंजारा निवासी उपरली बालद तहसील भूपालसागर
3. प्रेमा पिता बिहारी बंजारा निवासी निचली बालद तहसील भूपालसागर

अप्रार्थीगण

प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 128 राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम, 1956

: निर्णय :

प्रार्थीगण ने प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 128 एल.आर.एक्ट बाबत पत्थरगढी की जाने हेतु इस न्यायालय में प्रस्तुत किया। अप्रार्थीगण बाद सूचना उपस्थित नही आने से इनके विरूद्ध कार्यवाही एकतरफा की जाती है। प्रार्थीगण के प्रार्थना पत्र एवं पत्रावली में उपलब्ध दस्तावेजात अनुसार प्रार्थीगण रेकार्डेड खातेदार है। अतः प्रार्थना पत्र व रेकार्ड के आधार पर प्रार्थीगण का प्रार्थना–पत्र अर्न्तगत धारा–128 एल.आर. एक्ट बाबत पत्थरगढी का स्वीकार किया जाता है। **भू अभिलेख निरीक्षक, भूपालसागर** को 500– रूपये शुल्क पर मौका कमिश्नर नियुक्त किया जाकर आदेशित किया जाता है कि ग्राम बालद के **खाता स0 68 के आ.सं. 632 रकबा 0.27 है. आ.सं. 633 रकबा 0.08 है., आ.सं. 636 रकबा 0. 07 है., आ.सं. 638 रकबा 1.31 है., आ.सं. 803 / 639 रकबा 0.43 है., किता 5 रकबा 2.16 है.** भूमि में उभयपक्षकारान को जरिये समन नोटिस तलब करवाकर अपने नेतृत्व में सीमांकन की टीम गठित कर चारों दिशाओं की पुख्ता पत्थरगढी की कार्यवाही करे। अगर मौके पर कोई विवाद न हो अथवा मौके पर फसल खड़ी न हो तो ही पत्थरगढी की जावे एवं कमिश्नरी शुल्क का रिकार्ड विधिवत संधारित किया जाकर पालना रिपोर्ट पेश करे। कमिश्नर फीस प्रार्थी से मौके पर प्राप्त करे साथ ही यह भी सुनिश्चित करे कि किसी भी न्यायालय में कोई प्रकरण विचाराधीन नहीं हो। इस आशय बाबत तहरीर जारी हो। पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम होकर दाखिल दफ्तर हो। निर्णय आज दिनांक 11 / 08 / 2025 को खुले न्यायालय में सुनवाया गया।

(अभिलाषा)
सहायक कलक्टर व
उपखण्ड अधिकारी,
भूपालसागर

सहायक कलक्टर एवं
उपखण्ड अधिकारी, भूपालसागर